दिन– रविवार दिनांक– 30 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा– एनडीए की सरकार बनने पर बाढ़ की समस्या का स्थायी निदान होगा। राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को खोला जायेगा।

02. श्री शाह ने आरोप लगाया– चारा घोटाला के चलते लालू प्रसाद ने बिहार को बदनाम किया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में टेक्सटाइल के कचरे को बड़ी चुनौती बताया।

04. और, ईद–उल–फितर का त्यौहार कल पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

———————————————————————————

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रदेश में बाढ़ की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जायेगा और बिहार विकसित राज्य बनेगा। आज गोपालगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है।

———बाइट———

श्री शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि अयोध्या की तरह सीतामढ़ी में भी माँ सीता का भव्य मंदिर बनाया जायेगा।

———बाइट———

श्री शाह ने गोपालगंज में जनसभा के साथ बिहार विधानसभा दो हजार पच्चीस का बिगुल फूंका। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा। पटना में सहकारिता सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान अमित शाह ने लालू प्रसाद पर चारा घोटाला से बिहार को बदनाम करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि एनडीए की सरकार बनती है तो बिहार में बंद पड़े सभी चीनी मिलों को फिर से चालू कराया जायेगा।

———बाइट———

समारोह में उन्होंने पटना से आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री शाह ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में बिहार को मात्र दो लाख अस्सी हजार करोड़ रुपये मिले, जबकि एनडीए सरकार के दस साल के कार्यकाल में नौ लाख तैईस हजार करोड़ रुपये मिले हैं।

———बाइट———

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना स्थित सरकारी आवास पर आज एनडीए नेताओं की महत्त्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझाी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद थे। बैठक के बाद चिराग पासवान ने बताया कि अगामी चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई।

———बाइट———

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

———बाइट———

भारत दुनिया का तीसरा ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा टेक्सटाइल वेस्ट निकलता है लेकिन मुझे खुशी है कि हमारे देश में इस चुनौती से निपटने के लिए कई सरहनीय प्रयास किये जा रहे थे। कई भारतीय स्टार्टअप्स ने टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी पर काम शुरू किया है। वह पुराने कपड़ों और जूते चप्पलों को रिसाइकल कर जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं कुछ समझता है पुराने कपड़े लेकर उसे दोबारा उपयोग करने लायक बनाती हैं और गरीबों तक पहुंचती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर–शहर, गांव–गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है। श्री मोदी ने कहा कि जलशक्ति मंत्रालय और कई अलग–अलग स्वयंसेवी संस्थाएँ इस दिशा में काम कर रही हैं और देश में हज़ारों कृत्रिम तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज और सामुदायिक सोकपिट का निर्माण हो रहा है।

———बाइट———

जल संरक्षण से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए जल संचय जन भागीदारी अभियान भी चलाया जा रहा है। प्रयास यही है कि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है। साथियों बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की, जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कैलेंडर में कुछ अनूठे प्रयास किए गए हैं। इस कैलेंडर से स्टडी टूर में युवा छात्र जन औषधि केन्द्रों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

———————————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है।

———म्युजिक———

अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। यह त्यौहार देवी दुर्गा के नौ अवतारों की पूजा के लिए समर्पित है। नौ दिवसीय उत्सव का समापन भगवान श्रीराम के जन्मदिन राम नवमी को होता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि गोपालगंज के थावे शक्तिपीठ, कैमूर के माँ मुंडेश्वरी धाम

और मुंगेर के चंडिका स्थान शक्तिपीठ सहित प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।

———म्युजिक———

———————————————————————————

इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

ईद–उल–फित्र का त्योहार कल मनाया जाएगा। इमारते शरिया बिहार, ओडिसा और झारखंड की ओर से पटना सहित कई हिस्सों में ईद का चांद देखे जाने की पुष्टि की गई है। इमारते शरिया फुलवारीशरीफ के नैब काजी मौलाना मुफ्ती वसी अहमद ने इसकी जानकारी दी।

———बाइट———

इधर, राजधानी पटना के गांधी मैदान समेत सभी ईदगाहों में ईद की सामुहिक नमाज अदा करने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कल गांधी मैदान में सुबह साढ़े सात बजे नमाज अदा की जाएगी। ईद को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि ईद को लेकर चार सौ तिरपन स्थानों पर दंडाधिकारी तैनात किए जा रहे है। ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में काफी चहल–पहल देखी जा रही है।

———————————————————————————

राज्य में चल रहे जमीन सर्वे के लिए स्व–घोषणा की अंतिम तिथि आगामी इकतीस मार्च तक निर्धारित है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने बताया कि समय सीमा समाप्त होने के बाद भी स्वघोषणा अपलोड करने के लिए कुछ दिनों

तक पोर्टल खुले रहेंगे। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति अभी तक जमीन संबंधी स्वघोषणा नहीं कर सके हैं, वे जल्द ही इसकी घोषणा कर दें। इसमें किसी तरह की परेशानी हो तो विभागीय कर्मियों से सहायता ली जा सकती है।

———————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रेसिडेंट कप टूर्नामेंट के आयोजन की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट अप्रैल–मई में पटना के मोइनुल हक स्टेडियम और विक्रांत ग्राउंड पर खेला जाएगा। एसोसिएशन के निदेशक आनंद यालविगी ने बताया कि यह टूर्नामेंट बीसीसीआई डोमेस्टिक सीजन से पहले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने में सहायक होगा।

———————————————————————————

मधुमेह के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाने और इसके दुष्प्रभावों को रोकने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का दो दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन आज औरंगाबाद में शुरू हुआ। इसका आयोजन रिसर्च सोसायटी फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया' के बिहार चैप्टर द्वारा किया जा रहा है। इसमें तीन सौ से अधिक डायबिटीज विशेषज्ञ चिकित्सक हिस्सा ले रहे हैं।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र के रोहियार गांव में अगलगी की घटना में दो बच्चों की मौत हो गई। इस घटना में झूलसे एक व्यक्ति को खगड़िया सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

———————————————————————————

राज्य स्वास्थ्य समिति पटना ने कायाकल्प अवार्ड दो हजार चौबीस के लिए वैशाली जिले के तीन स्वास्थ्य संस्थानों का चयन किया है। वैशाली के जिला योजना समन्वयक विकास कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोरौल और भगवानपुर तथा रेफ़रल अस्पताल, लालगंज को पुरस्कार राशि के रूप में एक–एक लाख रुपए

मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पुरस्कार राशि से पुरस्कृत स्वास्थ्य संस्थानों का विकास किया जायेगा।

---

रोहतास जिले के वन प्रमंडल अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया ने फायर अलर्ट सिस्टम विकसित किया है, जिसकी मदद से आग पर काबू पाना संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आग से बचाव को लेकर वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

---

01. केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा– एनडीए की सरकार बनने पर बाढ़ की समस्या का स्थायी निदान होगा। राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को खोला जायेगा।
02. श्री शाह ने आरोप लगाया– चारा घोटाला के चलते लालू प्रसाद ने बिहार को बदनाम किया।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में टेक्सटाइल के कचरे को बड़ी चुनौती बताया।
04. और, ईद–उल–फितर का त्योहार कल पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

---

समाप्त